आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 05.09.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के विकास में महिलाओं की अग्रणी भूमिका के लिए लड़कियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया।
- राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने राज्य के 16 शिक्षकों को **'शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार'** से सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– राज्य के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
- **और,** केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. जितेंद्र सिंह ने आईआईटी रुड़की के दीक्षांत समारोह में स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा करने के प्रयासों पर जोर दिया।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के विकास में महिलाओं को अग्रणी भूमिका देने का सबसे प्रभावी उपाय यह है कि बेटियों को सर्वोत्तम शिक्षा दी जाए। नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में उच्च शिक्षा के दाखिले में बालिकाओं की संख्या बढ़ी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा से कमजोर वर्गों के बच्चों का सशक्तिकरण होता है और उनकी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा को सुलभ और स्कूल स्तर पर सरल बनाने पर विशेष बल दिया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि शिक्षक आमतौर पर अपने विद्यार्थियों को होमवर्क देते हैं, लेकिन वे बदलाव के लिए शिक्षकों को एक 'होमवर्क' देना चाहते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत में स्कूलों से 'स्वदेशी दिवस' या 'स्वदेशी सप्ताह' जैसे अवसर मनाने का आग्रह किया।

**''शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार''**

शिक्षक दिवस के अवसर पर आज देहरादून स्थित राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष–2024 में शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कारों के लिए चयनित 16 शिक्षक और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे शिक्षक समाज की मेहनत और तपस्या का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं, बल्कि चरित्र, नैतिकता और जीवन मूल्यों के निर्माता होते हैं।

समारोह में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

आईआईटी रुड़की

हरिद्वार के रुड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आईआईटी का 25वां दीक्षांत समारोह आज धूमधाम से मनाया गया। समारोह में 2 हजार 614 छात्रों को उपाधि प्रदान की गई। समारोह में प्रतिभाग करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि आईआईटी रुड़की में पढ़ने वाले विद्यार्थी देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार न केवल नवाचार को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा करने पर भी जोर दे रही है।

## शपथ ग्रहण समारोह

अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ में आज जिला पंचायत अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष सहित सभी नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अल्मोड़ा में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से सर्वांगीण विकास को अपना लक्ष्य बनाने का आह्वान किया।

पिथौरागढ़ में आयोजित समारोह में जिलाधिकारी ने सभी जिला पंचायत सदस्यों से जिले की जनता की बेहतरी के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया तथा स्थानीय लोकतंत्र को और मजबूत बनाने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद ने कहा कि वे जिले के समग्र विकास के लिए सभी को साथ लेकर पूरी ईमानदारी और तत्परता से कार्य करेंगे।

## जीएसटी परिषद

जीएसटी परिषद् ने तीन सितम्बर को जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने को मंजूरी दे दी है। यह फैसला आम आदमी को ध्यान में रखकर लिया गया है। इन सुधारों के बाद अब अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में केवल 5 और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रह गए हैं। हालांकि चालीस प्रतिशत का एक अन्य स्लैब तंबाकू और विलासिता संबंधी वस्तुओं पर लागू किया गया है। इन सुधारों से कई क्षेत्रों में कर की दरें कम हुई हैं और नागरिकों के लिए जीवन आसान हुआ है।

## हेलो हल्द्वानी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के 'हेलो हल्द्वानी 91 दशमलव 2 एफ.एम. सामुदायिक रेडियो मोबाइल ऐप' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने शिक्षा को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँचाने और आधुनिक तकनीक से नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। श्री धामी ने विश्वास व्यक्त किया कि अब सामुदायिक रेडियो हेलो हल्द्वानी ऐप देश और प्रदेश के प्रत्येक कोने तक पहुँचकर समाज तथा संस्कृति की आवाज़ को और अधिक सशक्त करेगा।

## सुर्या क्वेस्ट मोटरसाइकिल अभियान

भारतीय सेना ने आज देहरादून से सुर्या क्वेस्ट मोटरसाइकिल अभियान का शुभारंभ किया। आने वाले दिनों में यह दल शिमला और सुमडो की मनोरम घाटियों से होते हुए लेह पहुँचेगा। यह अभियान सशस्त्र बलों और आम जनता के बीच साहस, अनुशासन, एकता तथा आपसी विश्वास का संदेश देगा। इस पहल का उद्देश्य भारतीय सेना की राष्ट्रीय एकता को मज़बूत करना, साहसिक खेलों को बढ़ावा देना और देश के युवाओं को धैर्य, टीम वर्क तथा सेवा की भावना अपनाने के लिए प्रेरित करना है।